

# हरिभूमि रायपुर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025

## पहली बार कुंभ स्पेशल फ्लाइट, ये सिर्फ एक दिन के लिए, किराया 26 हजार

■ महाशिवरात्रि पर अमृत स्नान के पूर्व मिलेगी सुविधा, बिलासपुर-जगदलपुर से होगा संचालन

रायपुर। महाकुंभ को देखते हुए प्रदेश के बिलासपुर और जगदलपुर से विशेष विमान का संचालन किया जा रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब किसी आयोजन के उपलक्ष्य में स्पेशल फ्लाइट चलाई जा रही हो। व्रत, त्योहार अथवा खास मौके पर विशेष ट्रेनें चलाई जाती रही हैं, लेकिन विशेष विमान संचालन का यह पहला मौका है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर होने वाले अमृत स्नान और महाकुंभ में कुछ ही दिन शेष होने के कारण यह विशेष व्यवस्था की जा रही है। अलाइंस एयर द्वारा यह सुविधा दी जा रही है। अंतिम दिनों में यह सुविधा दिए जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कुंभ की शुरुआत से ही किराया आसमान छू रहा है। ऐसे में विशेष विमान की सुविधा प्रारंभ से नहीं दिए जाने को लेकर एक वर्ग नाराज भी हैं।

### इधर... फ्लाइट कैंसिल, यात्री परेशान

एक तरफ जहां लोगों को सुविधा देते हुए विशेष विमान संचालित किए जा रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर फ्लाइट कैंसिल किए जाने से उनका तय शेड्यूल ही गड़बड़ा गया है। बिलासपुर से प्रयागराज जाने वाली अलाइंस एयर की 24 फरवरी की फ्लाइट कैंसिल कर दी गई है। इस फ्लाइट की लगभग सभी टिकटें बुक हो चुकी थी। इन यात्रियों के समक्ष अब संकट उत्पन्न हो गया है।

## महाकुंभ के अंतिम दिनों में बढ़ी समस्या, सारनाथ रद्द होने से नौतनवा एक्सप्रेस ओवरलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

महाकुंभ के अंतिम दिनों में यात्रियों के सफर की समस्याएं एक बार फिर से बढ़ गई हैं। रेलवे द्वारा सारनाथ एक्सप्रेस को तीन दिनों के लिए रद्द किए जाने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर गुरुवार को जब सारनाथ एक्सप्रेस की सेवा रद्द थी, जिसकी वजह से प्रयागराज जाने के लिए यात्रियों की भारी भीड़ दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस पर टूट पड़ी। नौतनवा एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रियों की संख्या इतनी अधिक थी कि ठूंस-ठूंस कर सफर करना पड़ा। कोचों में भीड़ इतनी बढ़ गई थी कि यात्रियों को सीट के नीचे और दरवाजे के पास बैठने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस स्थिति में कुछ यात्री तो पूरी यात्रा के दौरान खड़े रहे, तो कुछ अटके हुए थे, जबकि कुछ यात्री जुगाड़ बनाकर सफर करने की उम्मीद में दरवाजों और सीटों के नीचे जगह बना रहे थे। यात्रियों का कहना है कि सारनाथ एक्सप्रेस के रद्द होने से उनकी यात्रा और भी कठिन हो गई है। हालात ऐसे हो गए हैं कि यात्री महाकुंभ तक पहुंचने के लिए किसी भी कीमत पर कोई भी परेशानी उठाने के लिए तैयार हैं। महाकुंभ के बाद भीड़ का यह दबाव कम होने की बजाय लगातार बढ़ता जा रहा है।


### आज रवाना होगी कुंभ स्पेशल ट्रेन, कल से सारनाथ चलेगी

#### प्लेटफार्म पर आरपीएफ ने संभाला मोर्चा

महाकुंभ के अंतिम दिनों में बढ़ी यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ ने मोर्चा संभाल लिया है। ट्रेन के आने से पहले ही आरपीएफ के जवान प्लेटफार्म पर तैनात हो गए थे ताकि किसी भी प्रकार की भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न न हो सके। आरपीएफ के जवानों ने यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने में मदद की और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन किया। जहां भीड़ अत्यधिक थी, वहां से यात्रियों को दूसरे कोच में भेजा गया ताकि किसी को भी असुविधा न हो।



## न्यूनतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री अधिक भीगेगा बस्तर संभाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश से ठंड की विदाई पूरी तरह से नहीं हुई है। कुछ हिस्सों में जहां रात में भी पंखे चलाने की नौबत बनी हुई है, तो वहीं कई हिस्सों में देर रात और सुबह अब भी ठंड का अहसास हो रहा है। इसके बीच शहर के तापमान में भी उतार-चढ़ाव बना हुआ है। राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान लगातार दूसरे दिन सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक 34.6 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 4 डिग्री अधिक 21.7 डिग्री रहा। 35.2 डिग्री तापमान के साथ दुर्ग सर्वाधिक गर्म रहा।

■ दुर्ग सर्वाधिक गर्म, पेंड्रा में सुबह-शाम अब भी ठंड

### गर्मी से राहत अभी नहीं

सामान्य से अधिक तामपान से राहत आने वाले कुछ दिनों तक नहीं मिलेगी। पश्चिमी विक्षोभ के चलते निर्मित हो रहे हालातों के कारण प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। रायपुर में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है, लेकिन बदली-बारिश जैसी परिस्थितियां यहां निर्मित नहीं होगी। गुरुवार को मैनपाट में एक सेमी बारिश रिकॉर्ड की गई। अन्य स्थान में वर्षा निरंक रही।

मृतकों में एक कोलकाता दूसरा कोरबा का रहने वाला, पेशे से दोनों फोटोग्राफी का काम करते थे

# रफ्तार बनी मौत की वजह, खंबे से भिड़ी कार, दो दोस्तों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ओवर स्पीड कार के बिजली खंबे में टकराने से गंभीर रूप से घायल दो युवकों की अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई। घटना बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात ढाई बजे की है। मृतक पेशे से फोटोग्राफर थे। वे ईवेंट में फोटोग्राफी के काम करते थे। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक दोनों नवा रायपुर में किसी दोस्त को छोड़कर आ रहे थे। इस दौरान कार का दलदल सिवनी के पास एक्सीडेंट हो गया।

कार हादसे में मृतकों की पहचान कोरबा निवासी 28 वर्षीय युवक दीपक साहू तथा पश्चिम बंगाल निवासी संदीप राय के रूप में की गई है। दीपक का पोस्टमार्टम कर ▶▶ शेष पेज 20 पर

### घटना विधानसभा थाना क्षेत्र में देर रात ढाई बजे की, घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया

#### रोते-बिलखते अस्पताल पहुंचे परिजन

दोस्तों के अनुसार दीपक वर्ष 2018 से रायपुर में फोटोग्राफी का काम कर रहा है। संदीप के साथ दीपक की दोस्ती फोटोग्राफी करने के दौरान हुई है। एक्सीडेंट की घटना से सदमें में आए मृतक के पिता तथा उसके बड़े भाई का रो रोकर बुरा हाल था। दीपक के परिजनों ने बताया कि उन्हें रात में ही घटना की जानकारी मिल गई थी। दीपक के पिता तथा भाई ने घरवालों को दीपक की मौत की जानकारी नहीं दी है। उन लोगों ने घरवालों को दीपक के एक्सीडेंट होने की जानकारी दी है।



#### इन मार्गों पर सबसे ज्यादा ओवर स्पीड

राजधानी के तेलीबांधा के साथ ही वीआईपी रोड, नवा रायपुर, तेलीबांधा के साथ विधानसभा मार्ग पर तेज रफ्तार वाहन चलाने की शिकायतें पुलिस के पास आती हैं। इसके कारण इन मार्गों पर आए दिन एक्सीडेंट की घटनाएं होती रहती हैं। सीटीटीवी में जो फूटेज सामने आया है, उसमें कार की रफ्तार 120 से ज्यादा दिख रही है। ओवर स्पीड होने की वजह से कार चालक कार गति नियंत्रित नहीं कर पाया, जिसकी वजह से एक्सीडेंट की घटना हुई है।

**ओवर स्पीड पर नहीं लग रही लगाम:** एक्सीडेंट पर लगाम लगाने एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर वीक एंड तथा रविवार को अभियान चलाकर नवा रायपुर तथा वीआईपी मार्ग पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। 15 दिनों के भीतर पुलिस ने दो दर्जन से ज्यादा नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त कर कोर्ट में पेश किया है। बावजूद इसके देर रात युवा तेज रफ्तार कार चलाने से बाज नहीं आ रहे। मृतक नशे की हालत में थे या सामान्य हालत में, पुलिस शार्ट पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही कुछ कह पाने की बात कह रही है।

## विधानसभा सत्र में शामिल नहीं हो पाएंगे लखमा कोर्ट ने खारिज की अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री तथा कोंटा विधायक कवासी लखमा के विधानसभा सत्र में शामिल होने की अर्जी ईडी की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने दायर अर्जी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि लखमा की अनुपस्थिति से विधानसभा सत्र के संचालन पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा।



■ कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा- लखमा की अनुपस्थिति में विधानसभा सत्र के संचालन पर कोई विशेष प्रभाव नहीं

कवासी लखमा ने 18 फरवरी को हुई सुनवाई के दौरान विधानसभा सत्र में भाग लेने के लिए कोर्ट से अनुमति मांगी थी। उन्होंने अपने आवेदन में कहा था कि उन्हें विधानसभा में जनता से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करनी है। ईडी के वकील डॉ. सौरभ पांडेय ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि अगर कोई वोटिंग या महत्वपूर्ण सवाल उठाने की स्थिति उत्पन्न नहीं होती है, तो विधानसभा में लखमा की उपस्थिति जरूरी नहीं है। इसके अलावा राज्यपाल की ओर से लखमा के विधानसभा में शामिल होने के लिए कोई पत्र भी नहीं आया है, जिससे उनकी अनुमति पर सवाल खड़ा हुआ। कोर्ट ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा ▶▶ शेष पेज 20 पर




मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूँ
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री
माननीय
श्री विष्णुदेव साय
आपको
जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं !
विनीत - RM GROUP
ATUL PUBLICITY

## खबर संक्षेप

### रंग मंदिर में ऑल इंडिया मुशायरा कल

**रायपुर।** गांधी चौक स्थित रंग मंदिर में 22 फरवरी को रात्रि 8 बजे से बदस्तूर जारी ब यादगारे कामरेड अकबर व सलमा सरोश ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कामरेड अकबर की स्मृति में फिल्म, आर्ट, कल्चर एंड थिएट्रिकल सोसायटी (एफएसीटीएस) द्वारा किया जा रहा है। इस मुशायरे में देशभर के शायर शिरकत करेंगे। यह जानकारी एफएसीटीएस के से संयोजक जीवेश चौबे ने देते हुए बताया कि मुशायरे की सदारत वरिष्ठ शायर इकबाल अशहर एवं निजामत शायर प्रो. रहमान मुसव्विर करेंगे।

### निगम उपायुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

**रायपुर।** निगम उपायुक्त डॉ. दिव्या चंद्रवंशी ने जोन-10 क्षेत्र के विभिन्न वार्डों की सफाई व्यवस्था और राजस्व वसूली की समीक्षा की। राजस्व विभाग के अधिकारियों को बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त के जोन क्षेत्र निरीक्षण के समय जोन-10 कमिश्नर राकेश शर्मा सहित जोन सहायक राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चों को ब्लू प्रिंट सैंपल पेपर से ही अभ्यास कराएं : हरीश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गुरुवार को शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भोथली में

- संकुल प्राचार्य एवं सीएसी ने परीक्षा संबंधी बैठक का किया आयोजन

संकुल प्राचार्य रवि शर्मा की अध्यक्षता में परीक्षा संबंधी आवश्यक बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर ब्लू प्रिंट, प्रयोजना एवं उन्होंने समस्त संस्था प्रमुखों को आगामी परीक्षा पांचवीं एवं आठवीं में उच्च कार्यालय से प्राप्त निर्देशों को स्पष्ट करते हुए कहा कि आपस में समन्वय सहयोग होने पर प्रसन्नता एवं उत्साह से कार्य संपन्न होता है। उन्होंने बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर होने वाली परीक्षाओं के संबंध में कहा की केंद्र अध्यक्ष बदले जाएंगे एवं मूल्यांकन का प्रक्रिया को भी बताया तथा इस परीक्षा को गंभीरता से लेने की बात कही। वहीं संकुल समन्वयक खमतराई हरीश दीवान ने कहा की बच्चों को ब्लूप्रिंट सैंपल पेपर से अभ्यास कराए एवं अनुपस्थित या कम उपस्थिति वाले बच्चों को उचित माध्यम से वापस पढ़ाई की धारा में लाएं तथा उन्होंने कहा की अब विद्यार्थी परीक्षा का बेहतर महत्व समझ पाएंगे एवं आगे प्रतिस्पर्धा को भी समझ पाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 10वीं 12वीं की तरह प्रश्न पत्रें का गोपनीयता के साथ पालन किया जाएगा एवं ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर अधिकारियों की सतत निरीक्षण की भी बात कही। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा किए जा रहे प्रयोजना कार्य पर भी समीक्षा की गई एवं बैठक में प्रधान पाठक एवं प्रभारीगण नरसिंह दास मानिकपुरी, अरविंद कुमार वैष्णव, तारकेश्वर डडसेना, कृष्णकांत साहू, लक्षण कुमार लहरी, कृष्णा चंद्राकर, तारामती बंजारे, सुंदर लाल साहू, अजीत जांगड़े आदि सभी की उपस्थिति रही।

# शॉर्ट सर्किट से वैन पर लगी आग, घंटों जलता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद





मंदिर हसौद थाना के अंतर्गत के स्थित ग्राम रीवा में आज बड़ी घटना होने से बार-बार बचे जहां 20 फरवरी को ग्राम रीवा में सुबह मारुति वेन में लगी आग जो घंटो तक जलते रहे। वहीं गाड़ी चालक ने गाड़ी से कुद कर अपनी जान बचाई। इस मामले पर मंदिर हसौद थाना प्रभारी ने बताया कि रीवा के पास मारुति वैन में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गया जोकि नीरज यादव का है। वहीं गाड़ी मालिक नीरज यादव भी घायल है जिसका उपचार के लिए अस्पताल भर्ती किया गया। गाड़ी का नंबर अन्य जानकारी नीरज यादव के ठीक होने के बाद ही पता चल आएगा। जबकि सूत्रों से मिली जानकारी से पता चला कि मारुति वैन में ज्वलनशील पदार्थ भरा हुआ था जो घंटो तक धधक धधक कर जलता रहा। वहीं क्षेत्र में डीजल पेट्रोल का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर फल फूल रहा है जिसके चलते भविष्य में बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि ऐसा कुछ सामग्री प्राप्त नहीं हुआ।

### देवेंद्र वर्मा चौथी बार बने जनपद सदस्य



**तरपोंगी।** तिल्दा जनपद क्षेत्र क्रमांक 2 से देवेंद्र वर्मा चौथी बार जनपद सदस्य निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 2200 से अधिक वोटों से हराया। इस जनपद क्षेत्र में ग्राम सगुनी, खैरखूंट, बलौदी खुर्द, सड्डू व तरपोंगी ग्राम आते हैं।

# मंत्री टंकराम ने किया मतदान



**तिल्दा नेवरा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों हेतु दूसरे चरण का चुनाव किया गया। मतदान सुबह 7 बजे से चला है जो कि दोपहर 3 बजे तक था, कुछ गांवों में देर शाम तक मतदान जारी था। व उसके बाद मतों की गिनती भी की जाएगी। गुरुवार दोपहर मंत्री टंक राम वर्मा ग्राम तुलसी नेवरा पहुंचे और मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने सभी से मतदान करने की अपील भी की। साथ ही बुजुर्गों व लोगों से चर्चा भी की। उन्होंने हरिभूमि से विशेष चर्चा करते हुए कहा कि जिस तरह से नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को जीत मिली है उसी तरह पंचायत चुनाव में भी भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और भाजपा के प्रति जनता का विश्वास है। और विष्णु देव साय के सुशासन में जनता बहुत खुश है। पंचायत चुनाव के मद्देनजर तिल्दा ब्लॉक में मचा घमासान, उत्साह भी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में तिल्दा ब्लॉक में गुरुवार को मतदान किया गया, गांव-गांव में पंच, सरपंच , जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए मत डाले गए है और रात तक गिनती जारी है, रात में परिणाम भी आते जा रहे है। पंचायत चुनाव पर ग्रामीणों एवं बुजुर्गों में खासा उत्साह भी देखा गया। भारी भीड़ मतदान केंद्रों में देखने को मिला। मतदान केंद्रों में महिलाओं की भीड़ भी देखी गई।

## निधन

### बलराम साहू



**आरंग।** ग्राम भिलाई निवासी बलराम साहू का 14 फरवरी को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में परिजन एवं ग्रामीण शामिल हुए। वे सुशील बाई साहू के पति, पूर्वेश्वर, लक्ष्मीकांत, भानूप्रताप साहू के पिता थे।

### जुगुराम ध्रुव



**आरंग।** ग्राम गौरभाट निवासी जुगुराम ध्रुव का बुधवार को निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामीण शामिल हुए। वे मोंगरा बाई ध्रुव के पति, योगेन्द्र, नितेश, मनोज ध्रुव के पिता थे।

### दीक्षा नगर, खम्हारडीह और भाठागांव में बनेगी पानी टंकी

**रायपुर।** शहर के तीन अलग-अलग इलाकों में पेयजल संकट से निपटने नगर निगम नई पानी टंकी का निर्माण करायेगा। ठक्कर बापा वार्ड के दीक्षा नगर गीतांजलि सोसायटी गार्डन के समीप प्रस्तावित स्थल, नेताजी सुभाष चंद बोस वार्ड के खम्हारडीह इलाके और नगर निगम जोन 6 में नए बस टर्मिनल भाठागांव के पास पानी टंकी बनाने का प्रस्ताव है। इसके लिए शहरी सरकार के निगम बजट में 70 करोड़ का प्रावधान रखा जा रहा है। प्रोजेक्ट के हिसाब से संबंधित क्षेत्र में प्रस्तावित नई पानी टंकी क्षेत्र से लोगों के घरों तक पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाने से लेकर इंटर कनेक्शन और पेयजल आपूर्ति की निगरानी के लिए स्कॉडा सिस्टम लगाने का भी प्रावधान है। नगर निगम जोन 1 ठक्करबापा वार्ड के दीक्षा नगर, प्रेमनगर, पार्वती नगर, गुरु घासीदास नगर, अंजलि विहार, सुख विहार, देव विहार सहित अन्य कालोनियों में गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या को देखते हुये प्रभावित इलाके में सुगम पेयजल आपूर्ति की सुविधा देने दीक्षा नगर में नई पानी टंकी बनाई जायेगी।

# पशु तस्करी करते चार गिरफ्तार, 11 मवेशी जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माना थाने की पुलिस ने ओडिशा सहित राज्य के चार मवेशी तस्करों को मवेशी तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 मवेशी जब्त किए हैं। पुलिस ने मवेशी परिवहन में इस्तेमाल ट्रक जब्त किया है। तस्कर मवेशियों को ट्रक में ठूंस-ठूंस कर भरे थे। साथ ही उनके पास मवेशी परिवहन करने वैध दस्तावेज नहीं थे। मवेशी तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें ओडिशा, नुआपाड़ा निवासी खोरबहरा यादव, बलौदाबाजार निवासी विकास कुमार वर्मा के साथ महासमुंद, बागबहरा निवासी संतोष यादव, शेष नारायण यादव के नाम शामिल हैं। पुलिस ने चारों तस्करों को टेमरी सिग्नल के पास से गिरफ्तार किया है।

# लखोली में शिव महापुराण की कथा पर प्रवचन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



ग्राम लखोली में शिव महापुराण कथा का शुभारंभ गुरुवार से हुआ। कथा शुरू होने से पूर्व कथा स्थल से बाजार चौक बस्ती भ्रमण करते हुए कर्मा मंदिर महामाया पारा होते हुए एक विशाल कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं जल से भरा कलश सिर पर रखकर चल रही थी, वहीं अंत में कथा व्यास कमल कृष्ण प्रिया चल रही थी। कथा स्थल में पहुंचने पर विधिवत पूजा अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया गया। कथा व्यास कमल कृष्ण प्रिया ने अमृतमयी शिव महापुराण कथा के महात्म्य से श्रद्धालुओं को जीवन का मर्म समझाया। उन्होंने श्रीरामचरित मानस में वर्णित शिव की महिमा को बताते हुए कहा की जिसके साथ शिव हैं, शक्ति भी उसी के पास होती है। महाकाल का पूजन और ध्यान अकाल मृत्यु के भय से मुक्त करने वाला होता है। उन्होंने शिव पूजन किए जाने की वजह, विधि और पूजन के लिए प्रयोग किए जाने वाले जल, बेलपत्र धतूरा आदि के बारे में जानकारी दी।



## खबर संक्षेप

### रंग मंदिर में ऑल इंडिया मुशायरा कल

**रायपुर।** गांधी चौक स्थित रंग मंदिर में 22 फरवरी को रात्रि 8 बजे से बदस्तूर जारी ब यादगारे कामरेड अकबर व सलमा सरोश ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कामरेड अकबर की स्मृति में फिल्म, आर्ट, कल्चर एंड थिएट्रिकल सोसायटी (एफएसीटीएस) द्वारा किया जा रहा है। इस मुशायरे में देशभर के शायर शिरकत करेंगे। यह जानकारी एफएसीटीएस के से संयोजक जीवेश चौबे ने देते हुए बताया कि मुशायरे की सदारत वरिष्ठ शायर इकबाल अशहर एवं निजामत शायर प्रो. रहमान मुसव्विर करेंगे।

### निगम उपायुक्त ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

**रायपुर।** निगम उपायुक्त डॉ. दिव्या चंद्रवंशी ने जोन-10 क्षेत्र के विभिन्न वार्डों की सफाई व्यवस्था और राजस्व वसूली की समीक्षा की। राजस्व विभाग के अधिकारियों को बकाया राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त के जोन क्षेत्र निरीक्षण के समय जोन-10 कमिश्नर राकेश शर्मा सहित जोन सहायक राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

शहरभर की पेयजल डिमांड पूरी करने रोज खप रहा 200 से 250 क्यूसेक रॉ वाटर

# खारुन में प्राकृतिक बहाव से पानी आना बंद 20 दिन से गंगरेल डेम से पानी की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाला पानी बंद हो गया है। 20 दिन से नगर निगम का जल विभाग शहर वासियों की प्यास बुझाने गंगरेल डेम से पानी खरीद रहा है। नगर निगम के 70 वार्डों में रहने वाले लोगों की पेयजल मांग के हिसाब से प्रतिदिन 200 से 250 क्यूसेक रॉ वाटर की खपत हो रही है। इस लिहाज से गंगरेल डेम से रोजाना शहर को 200 से 250 क्यूसेक रॉ वाटर की आपूर्ति की जा रही है। सिंचाई विभाग के साथ पूर्व में हुये एग्रीमेंट के अनुसार गंगरेल डेम में 3.1 टीएमसी रॉ वाटर सालभर की खपत हिसाब से शहर के लिए सुरक्षित रखा गया है। रायपुर शहर को प्राकृतिक बहाव से मिलने वाला रॉ वाटर जनवरी से मिलना बंद हो गया है। पिछले 20 दिन से नगर निगम का जल विभाग शहर की 14 लाख आबादी की पेयजल आपूर्ति के लिए गंगरेल बांध से पानी ले रहा है। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेन्द्र ने बताया कि वर्तमान में रायपुर शहर की पेयजल जरूरत को ध्यान में रखते हुये 200 से 250 क्यूसेक रॉ वाटर गंगरेल से छोड़ा जा रहा है। गर्मी के दिनों में लोगों को पानी की दिक्कत न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुये सिंचाई विभाग से पूर्व में हुये अनुबंध के मुताबिक शहर के लिए 3.1 टीएमसी रॉ वाटर गंगरेल में सुरक्षित रखा गया है।



### पेयजल संकट से निपटने किराये के टैंकर का टेंडर

हर साल की तरह इस बार भी शहर के पेयजल संकट प्रभावित इलाकों में नगर निगम किराये के पानी टैंकर की व्यवस्था कर लोगों की प्यास बुझायेगा। इसके लिए किराये टैंकर की जरूरत को ध्यान में रखते हुए टेंडर किया गया है। 22 मार्च के बाद टेंडर खुलेगा। गर्मी में पेयजल की व्यवस्था को लेकर गांधी सदन में विभागीय बैठक भी जल्द होगी।

### गर्मी सीजन में निगम ने की तैयारी, 38 पानी टंकियों की सफाई पूरी

नगर निगम के जल विभाग द्वारा गर्मी सीजन को देखते हुये शहरभर में स्थित 45 पानी टंकियों की सफाई का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों का कहना है, अब तक अलग-अलग वार्ड की 38 पानी टंकियों में सील्ट की सफाई और कैमिकल ट्रीटमेंट का कार्य पूरा हो चुका है। बाकी की 7 पानी टंकियों में यह कार्य आने वाले दिनों में प्रमुखता से कराया जायेगा।

### 45 पानी टंकियों से प्रतिदिन 296 एमएलडी पानी की आपूर्ति

नगर निगम का जल विभाग शहर की 45 नई व पुरानी पानी टंकियों से प्रतिदिन 296 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। तेज गर्मी पड़ने पर यह मात्रा आने वाले समय में 300 एमएलडी तक पहुंच सकती है। शहर के बैरनबाजार की पुरानी पानी टंकी और देवेन्द्र नगर की पुरानी पानी टंकी का उपयोग भी संबंधित इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए किया जा रहा है। वहीं अमृत मिशन के तहत जोन 9 के पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड में 2 साल पूर्व बनाई गई लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी अभी शुरू नहीं हो पाई है। राइजिंग लाइन बिछाने और इंटरकनेक्शन कार्य के लिए फंड नहीं होने की वजह से इन दोनों पानी टंकियों का लाभ शहर के आउटर में रहने वाले लोगों को नही मिल पाया है। नगर निगम के आगामी बजट में इसके लिए प्रावधान किया जा रहा है।

# सोने की बढ़ती कीमत से निवेश और बढ़ा, जेवरों की बिक्री में थोड़ी कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोने की कीमत नए साल में बहुत तेजी से बढ़ रही है। अब तक करीब 11 रुपए हजार रुपए दाम बढ़ चुके हैं। सोना पहली बार 89 हजार रुपए पार हो गया है। अब कभी भी कीमत 90 हजार के भी पार हो जाएगी। इस साल सोने की कीमत एक लाख तक जाने की संभावना है। सोने की बढ़ती कीमत के कारण प्रदेश में सोने में निवेश भी लगातार बढ़ रहा है, लेकिन जेवरों की बिक्री में जरूर कुछ कमी आई है। देश के कई राज्यों में जेवरों की बिक्री में भारी गिरावट की खबर है, पर अपने राज्य में जेवरों की बिक्री में ज्यादा कमी नहीं आई है। शादियों का सीजन होने के कारण जमकर खरीदारी हो रही है। सोने और चांदी को हमेशा से ही निवेश के लिए खरा माना जाता है। बीते साल तो निवेश के मामले में इसने रिकॉर्ड भी बना दिया। पहली बार सोने में जहां 20 फीसदी का रिटर्न मिला है, वहीं चांदी में 17 फीसदी रिटर्न मिला है। यही वजह है कि बीते साल छत्तीसगढ़ में आठ हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ है। प्रदेश में सोने-चांदी का रोज का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें 50 फीसदी निवेशकों का रहता है। सोने की कीमत इस बीते साल रिकॉर्ड 82 हजार के पार भी गई और चांदी के दाम भी एक लाख के पार गए। इस साल सोने की कीमत बीते साल से ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। सोने की कीमत में लगातार ताबड़तोड़ तेजी के कारण प्रदेश में सोने का निवेश बढ़ गया है।

- नए साल में अब तक करीब 11 हजार रुपए बढ़े दाम

### नए साल में 78 से 89 हजार हो गए दाम

नए साल के पहले बीते 31 दिसंबर को सोने की कीमत 78400 रुपए थी। नए साल में पहले ही दिन से सोने की कीमत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ। 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। एक फरवरी को केंद्रीय बजट वाले दिन सुबह को सोने की कीमत 84800 थी, जो शाम को बजट के बाद 85050 रुपए हो गई।

# दीक्षा नगर, खम्हारडीह और भाठागांव में बनेगी पानी टंकी

### निगम बजट में 70 करोड़ का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



शहर के तीन अलग-अलग इलाकों में पेयजल संकट से निपटने नगर निगम नई पानी टंकी का निर्माण करायेगा। ठक्कर बापा वार्ड के दीक्षा नगर गीतांजलि सोसायटी गार्डन के समीप प्रस्तावित स्थल, नेताजी सुभाष चंद बोस वार्ड के खम्हारडीह इलाके और नगर निगम जोन 6 में नए बस टर्मिनल भाठागांव के पास पानी टंकी बनाने का प्रस्ताव है। इसके लिए शहरी सरकार के निगम बजट में 70 करोड़ का प्रावधान रखा जा रहा है। प्रोजेक्ट के हिसाब से संबंधित क्षेत्र में प्रस्तावित नई पानी टंकी क्षेत्र से लोगों के घरों तक पीने के पानी की पाइप लाइन बिछाने से लेकर इंटर कनेक्शन और पेयजल आपूर्ति की निगरानी के लिए स्कॉडा सिस्टम लगाने का भी प्रावधान है। नगर निगम जोन 1 ठक्करबापा वार्ड के दीक्षा नगर, प्रेमनगर, पार्वती नगर, गुरु घासीदास नगर, अंजलि विहार, सुख विहार, देव विहार सहित अन्य कालोनियों में गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या को देखते हुये प्रभावित इलाके में सुगम पेयजल आपूर्ति की सुविधा देने दीक्षा नगर में नई पानी टंकी बनाई जायेगी। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी ने हरिभूमि को बताया कि ठक्कर बापा वार्ड नंबर 17 के दीक्षा नगर में 2000 किलोलीटर क्षमता वाली नई पानी टंकी का निर्माण होगा। इसी तरह भाठागांव क्षेत्र में इंटर स्टेट बस टर्मिनल के पास 3500 किलोलीटर क्षमता पानी टंकी का निर्माण प्रस्तावित है।

- डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने, घरों तक इंटर कनेक्शन सहित स्कॉडा सिस्टम का प्रावधान

# पशु तस्करी करते चार गिरफ्तार, 11 मवेशी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- माना पुलिस ने ओडिशा के साथ महासमुंद, बलौदाबाजार के तस्करों को किया गिरफ्तार

माना थाने की पुलिस ने ओडिशा सहित राज्य के चार मवेशी तस्करों को मवेशी तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 मवेशी जब्त किए हैं। पुलिस ने मवेशी परिवहन में इस्तेमाल ट्रक जब्त किया है। तस्कर मवेशियों को ट्रक में ठूंस-ठूंस कर भरे थे। साथ ही उनके पास मवेशी परिवहन करने वैध दस्तावेज नहीं थे। मवेशी तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें ओडिशा, नुआपाड़ा निवासी खोरबहरा यादव, बलौदाबाजार निवासी विकास कुमार वर्मा के साथ महासमुंद, बागबहरा निवासी संतोष यादव, शेष नारायण यादव के नाम शामिल हैं। पुलिस ने चारों तस्करों को टेमरी सिग्नल के पास से गिरफ्तार किया है। जब्त सभी मवेशी दुधारू हैं। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक तस्कर आसपास के ग्रामीण इलाकों में पशुपालकों से मवेशी खरीद कर ले जा रहे थे।

### पिट एनडीपीएस के तहत तीन के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री में लिप्त तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने पिट एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर कमिश्नर कोर्ट में चालान पेश कर जेल दाखिल किया है। पुलिस ने आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देश पर गुढ़ियारी निवासी हबीब खान, संगम मेश्राम उर्फ सोनू तथा अजय यादव उर्फ छैला के खिलाफ कोर्ट में प्रकरण पेश कर उनके द्वारा अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त के बारे में जानकारी दी। पिट एनडीपीएस की कार्रवाई रासुका जैसी सख्त है।

### किशोरी से अनाचार पिता को 20 वर्ष कैद

**रायपुर।** तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में ढाई वर्ष पूर्व अपनी ही नाबालिग बेटी के साथ रेप करने के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की फास्टट्रैक कोर्ट ने 20 साल कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार, 1 अक्टूबर 2022 को किशोरी ने महिला थाने में अपने पिता के खिलाफ रेप तथा धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। किशोरी ने कोर्ट में बताया था कि उसका पिता उसे तथा उसकी मां, बहन को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ लगातार रेप किया।




हमने बनाया है हम ही संवारेंगे
प्रदेश में सुशासन का सूर्योदय करने वाले
छत्तीसगढ़ के जननायक
माननीय मुख्यमंत्री
श्री विष्णुदेव साय जी
को जन्मदिवस की
ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई...
21
फरवरी
संजय श्रीवास्तव
प्रदेश महामंत्री, भाजपा (छ.ग.)
इंजी. मख्मूर खान
प्रदेश महामंत्री, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**



## मनजिंदर बने कैबिनेट मंत्री सिख समाज ने जताया हर्ष

**रायपुर।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा को दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह सिंघोत्रा ने पूरे प्रदेशवासियों की तरफ से बधाई दी है। इसी दौरान उन्होंने कहा कि सिख समाज की आन-बान और शान के प्रतीक मनजिंदर सिंह सिरसा दिल्ली ही नहीं, पूरे देश में सिख समाज के सरबत दा भला के नियम पर कार्य कर समाज सहित देशहित में कार्य करेगें। उन्होंने सिख समाज, धार्मिक संगठनों, सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। उनके मंत्री बनने पर छग सिख समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा, बलविंदर सिंह सैनी, सुरजीत सिंह छाबड़ा, हरविंदर सिंह खालसा, स्वर्णपाल सिंह चावला, मनजीत सिंह, मानवेंद्र सिंह डडियाला, मनदीप सिंह बिट्टू, इंदरवीर सिंह कोहली, कुलदीप सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# छत्तीसगढ़ में सरकार अब देगी पेटेंट के लिए 20 लाख तक का अनुदान, जारी हुआ नया नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार अब राज्य में तकनीकी पेटेंट के लिए 20 लाख रुपयों तक का अनुदान देगी। राज्य सरकार ने इसके लिए नए नियम बनाए हैं। ये नियम छत्तीसगढ़ राज्य परियोजना प्रतिवेदन, अनुदान, गुणवत्ता, प्रमाणीकरण, अनुदान तकनीकी पेंटेट अनुदान तथा प्रौद्योगिकी क्रय अनुदान नियम बनाए हैं।

### इस काम के लिए मिलेगा तकनीकी पेटेंट अनुदान

नए नियम के मुताबिक अब नवीन स्थापना, विस्तार, शवलीकरण, प्रतिस्थापन, करने वाले सूक्षम, लधु तथा मध्यम उद्यमों की स्थापना, सामान्य श्रेणी एवं थ्रस्ट सेक्टर के विनिर्माण, वृहद उद्यमों, विशिष्ट उत्पाद श्रेणी के नवीन उद्यमों एवं स्टॉर्टअप इकाईयों को इसके लिए पात्रता होगी। खास बात ये है कि भारत सरकार उद्योग मंत्रालय अन्य मंत्रालयों, पंजीकृत पेटेंट हाउस, अनुसंधान केंद्रों से पेटेंट अनुसंधान पंजीकृत कराने पर ही अनुदान की पात्रता होगी। औद्योगिक इकाई को प्रति उत्पाद, प्रक्रिया, शोध पर केवल एक ही बार अनुदान की पात्रता होगी। विकसित उत्पाद, प्रक्रिया, जिसका पेटेंट कराया गया है या अनुसंधान स्वीकृत हुआ है, का वाणिज्यक उत्पादन उपयोग औद्योगिक इकाई द्वारा ही किया जाना आवश्यक होगा।

## कोई गड़बड़ी की तो अनुदान की राशि होगी वसूल




### किसी को रोजगार से नहीं कर सकते वंचित

औद्योगिक इकाई द्वारा राज्य के मूल निवासियों को निर्धारित प्रतिशत में रोजगार उपलब्ध कराने के बाद, यदि बाद में विधि विरूद्ध तरीके से, रोजगार से वंचित किया जाता है एवं इस कारण अकुशल, कुशल व प्रबंधकीय वर्ग में दिये जाने वाले रोजगार का प्रतिशत निर्धारित प्रतिशत से कम हो जाता है तो अनुदान की राशि संबंधित स्वत्व को निरस्त कर वसूली की जा सकेगी,अन्य देय अनुदानों में समायोजित की जा सकेगी। यदि औद्योगिक इकाई द्वारा प्रस्तुत निवेशक से वर्ग से संबंधित प्रमाण-पत्र या तथ्य गलत पाये जाते हैं या पात्रता से अधिक अनुदान की प्राप्ति हो गयी हो, तो दी गई अतिरिक्त अनुदान की राशि वसूली योग्य होगी। उद्योग संचालनालय या जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा अनुदान से संबंधित या कोई जानकारी, अभिलेख मांगे जाने पर औद्योगिक इकाई द्वारा न दी जाये तो अनुदान की राशि संबंधित स्वत्व को निरस्त कर वसूली की जा सकेगी।

### अनुदान प्राप्त औद्योगिक इकाई की होगी ये जिम्मेदारी

औद्योगिक इकाई को वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक सेवा गतिविधि प्रारंभ करने के दिनांक से न्यूनतम पांच वर्षों तक उद्योग चालू रखते हुए, नियमानुसार राज्य के मूलनिवासियों को रोजगार उपलब्ध कराना होगा। इकाई द्वारा उपलब्ध कराये गये रोजगार की जानकारी प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 30 दिवस के भीतर अनुदान स्वीकृतकर्ता अधिकारी को प्रदान करना होगा।

### पांच साल तक नहीं कर सकते ये बदलाव

शर्त ये भी है कि इकाई को वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक सेवा गतिविधि प्रारंभ करने के दिनांक से पांच वर्ष तक उद्योग आयुक्त, संचालक उद्योग की लिखित पूर्वानुमति के बिना इकाई के फैक्ट्री स्थल गतिविधि में कोई परिवर्तन नहीं किया जावेगा, इकाई का कोई भाग अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया जा सकेगा तथा ना ही स्वामित्व परिवर्तन किया जा सकेगा तथा इकाई के स्थायी परिसम्पतियों में कोई परिर्वतन नहीं किया जावेगा।

### अनुदान की पात्रता इन्हें भी

राज्य सरकार अब गुणवत्ता प्रमाणीकरण के लिए भी अनुदान देगी। इसके लिए आईएसओ 9000, आईएसओ 14000, आईएसओ 22000, बीआईएस प्रमाणीकरण, जेड प्रमाणीकरण उर्जा दक्षता प्रमाणन, नवीन एवं नवकरणीय उर्जा के भेत्र में एलईबीपी प्रमाणीकरण, एगर्माक, यूरो मानक, एनं अन्य समान राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रमाणीकरण प्राप्त करने पर भी अनुदान देगी। यह पात्रता भारत सरकार, राज्य शासन के किसी विभाग, ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंर्डड या भारत सरकार, राज्य शासन की किसी अधिकृत एजेंसी से गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्राप्त करने पर ही अनुदान की पात्रता होगी। इसके साथ ही प्रौद्योगिकी क्रय अनुदान,परियोजना प्रतिवेदन अनुदान, गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान भी देगी।





## पीसीसी अध्यक्ष के कामकाज पर सवाल उठाना सही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद कांग्रेस नेताओं ने संगठन में फेरबदल की मांग उठा दी। मामले में सियासत के बाद कई जिलों में चुनाव के बाद जिला अध्यक्षों ने कई कांग्रेसी कार्यकर्ताओं पर चुनाव में अनुशासनहीनता के आरोप लगाते हुए कार्रवाई भी की। मामले में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा को नोटिस जारी किया गया है। विवाद और आरोप प्रत्यारोप के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद राज्य में कांग्रेस का बड़ा पद है। प्रदेश अध्यक्ष के कामकाज को लेकर कांग्रेस में रहते हुए किसी के भी द्वारा सवाल उठाया जाना उचित नहीं है।

उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के संबंध में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा के बयान के बाद उपजे विवाद को लेकर कहा है। हालांकि श्री जुनेजा ने अपने बयान के बाद अगले दिन फिर सफाई दी है कि उनके बयान को तोड-मरोड़ कर पेश किया गया है। श्री अकबर ने इस संबंध में कहा, यदि सवाल करने वालों के अनुसार उनकी बातों को मीडिया में तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया है, तो अपनी बातों का खंडन करते हुए, सही बात रखते हुए कांग्रेस अध्यक्ष के सामने अपनी स्थिति स्पष्ट कर सकते हैं। एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी से कांग्रेस को नुकसान होता है।



पार्टी फोरम में अपनी स्थिति स्पष्ट करें जुनेजा : अकबर

### नोटिस के बाद पलटे जुनेजा

नोटिस जारी होने के बाद श्री जुनेजा अपने बयान से पलटे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने जो बात कही थी, उसे मीडिया द्वारा तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। उन्होंने निगम चुनाव में टिकट वितरण को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा था कि उन्होंने पार्षद का एक टिकट मांगा था, जो नहीं दिया गया। बाद में वही प्रत्याशी निर्दलीय चुनाव लड़कर जीता है।

### ये है विवाद की जड़

पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज व उनके कामकाज को लेकर सवाल उठाए थे। उन्होंने ये भी कहा था कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बदला जाना चाहिए। जब तक यह नहीं किया जाएगा, वे राजीव भवन (प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय रायपुर) में प्रवेश नहीं करेंगे। उनके इस बयान के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने श्री जुनेजा को नोटिस भेजा है और तीन दिनों में जवाब मांगा है।

## जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों को सौंपे गए प्रमाणपत्र



**रायपुर।** रायपुर जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में गुरुवार को धरसींवा और तिल्दा नेवरा में पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के लिए वोटिंग हुई। वोटिंग के बाद मतगणना हुई, जिसके बाद चुनाव अधिकारियों ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाचित हुए सदस्यों को प्रमाणपत्र भी सौंपा।

जिला पंचायत सदस्य के लिए वोटिंग के बाद प्रत्याशियों के पक्ष में पड़े वोटों की गिनती की गई, जिसमें जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 8 से पूजा लोकमणी कोशले, क्रमांक 9 से अन्नू तारक, क्रमांक 10 से चंद्रकला रामचंद्र ध्रुव, क्रमांक 11 से यशवंत धनेंद्र साहू, क्रमांक 12 से भीनू सुजीत घिदौड़े, क्रमांक 13 से कविता हेमंत कश्यप और क्रमांक 16 से गुरू सौरभ साहेब ने जीत हासिल की। इस तरह मतगणना के बाद जिला पंचायत सीईओ एवं रिटर्निंग अधिकारी विश्वदीप ने विजयी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की और उन्हें प्रमाणपत्र सौंपे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, सहायक रिटर्निंग अधिकारी यूएस अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### गोमाता को राष्ट्रमाता स्वीकारे जाने का पारित करें प्रस्ताव

**रायपुर।** भारत के पूज्यपाद चारों शंकराचार्यों के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्यरत भारत सहित सौ देशों के धार्मिक व सामाजिक प्रतिनिधियों के संगठन परम धर्म संसद 1008 द्वारा देश में गौ-प्रतिष्ठा अभियान चलाकर केंद्र से ग्राम पंचायत तक शासन की सभी इकाईयों से गोमाता को पशु सूची से बाहर कर राष्ट्रमाता स्वीकारे जाने का प्रस्ताव पारित करने का अनुरोध किया गया है। यह जानकारी महाशिवरात्रि 26 फरवरी तक बेमेतरा जिले के ग्राम सलधा स्थित सपाद लक्षेश्वर धाम में लिंग पुराण कथा के लिए पधारे परम धर्म संसद 1008 के गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के साथ आए संगठन के संगठन मंत्री रायपुर निवासी, मसंद सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसंद साहिब ने दी।

### सड़क चौड़ीकरण करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के पूर्व सदस्य और अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने कुशालपुर रिंगरोड चौक से तिरंगा चौक, संतोषी चौक होते हुए गोपियापारा, लाखेनगर मार्ग, टूरीहटरी मार्ग और गणपत सिंधी स्कूल, महाराजबंध बाईपास तक सड़क के शीघ्र चौड़ीकरण की मांग की है। इस मौके पर श्री ठाकुर ने उल्लेख किया कि इस क्षेत्र में जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे सड़कें अत्यधिक संकरी हो गई हैं। स्थानीय निवासियों को यातायात के संबंध में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए बसों का निरंतर आवागमन होता रहता है।

# उपवास आंदोलन : बिना खाना खाए लोको पायलट ने चलाई ट्रेन, जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर से लेकर बिलासपुर और नागपुर तक के लोको पायलट गुरुवार को 36 घंटे के लिए उपवास पर चले गए। सुबह के समय बिना नाश्ता किए और बिना भोजन किए उन्होंने अपने कार्य की शुरुआत की और दिनभर, फिर रात तक ट्रेन चलाते रहे। उनका कहना है कि काम का दबाव इतना बढ़ गया है कि अब उनकी नींद पूरी नहीं हो पा रही।

खास खबर

इस कारण ट्रेन चलाते वक्त उनींदी अवस्था में उन्हें झपकियां आने लगी हैं। सैकड़ों किलोमीटर तक का सफर तय करते हुए उनका शरीर थक कर चूर हो जाता है। लोकल पायलट ने धरना-प्रदर्शन करते हुए बताया कि वह अपनी जिंदगी से कट चुके हैं। अब उनका जीवन सिर्फ ट्रेन चलाने तक ही सीमित हो गया है। सामाजिक जीवन नाम की कोई चीज़ नहीं बची। ट्रेन की रफ्तार में उनकी सांसें भी जुड़ी हैं। उनका मानना है कि हम अपनी जिम्मेदारी को लेकर सच्चे हैं, लेकिन यह सब अगर इसी तरह चलता रहा, तो यह और भी मुश्किल हो जाएगा। ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों की जिम्मेदारी हमारे ऊपर है, लेकिन इसके बावजूद रेलवे बोर्ड की तरफ से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। लोको पायलट की आंतरिक समस्याएं सिर्फ उनके लिए ही नहीं, बल्कि हर एक यात्री के लिए भी खतरे की घंटी बन सकती है।

### 9 अप्रैल को दिल्ली में विशाल रैली का ऐलान

ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने उपवास आंदोलन के माध्यम से रेल प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि रनिंग स्टाफ की ज्वलंत समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे 9 अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जन्तर-मंतर पर विशाल रैली आयोजित करेंगे। इस रैली में रेल कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने जैसा अंतिम और कठोर निर्णय लिया जा सकता है।



### परिवार और स्वास्थ्य भी पीछे छूट गए हैं

जोनल महासचिव व्हीके तिवारी ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि पूरे जोन में 4 हजार से ज्यादा लोको पायलट की भर्ती अभी बाकी है। जब इतने सारे पद खाली होंगे, तो काम का दबाव तो बढ़ेगा ही। लंबे समय तक लगातार काम करना, दिन-रात ट्रेनों के बीच घूमते रहना, शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ने लगा है। 48-56 घंटे की ड्यूटी का नियम है, लेकिन हम 71 घंटों तक काम कर रहे हैं और 14 दिनों यह आंकड़ा 170 से 190 घंटों तक जा पहुंचता है। काम का अतिरिक्त दबाव और बिना पर्याप्त आराम के स्थिति और गंभीर हो गई है।

### लोको पायलटों ने गिनाई समस्या

लोको पायलटों ने अपने धरना प्रदर्शन के दौरान रेलवे बोर्ड की नीतियों पर कड़ा विरोध जताया। उनका कहना था कि रेलवे बोर्ड ने टीए (ट्रांसपोर्ट अलाउंस) के सापेक्ष माईलेज दर वृद्धि से मना कर दिया है, जबकि सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुसार महंगाई भत्ते को 50 प्रतिशत किया गया है और अन्य भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, लेकिन रनिंग स्टाफ को इन भत्तों से वंचित किया गया है। इसके अलावा रेलवे प्रशासन द्वारा अत्यधिक लांग आवर्ष ड्यूटी को दो हिस्सों में बांटकर काल्पनिक आंकड़े दर्शाए जा रहे हैं। इससे साप्ताहिक विश्राम/अवकाश में कटौती की जा रही है, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके साथ ही संरक्षा मानकों के विपरीत असुरक्षित कार्य कराने के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इन दुर्घटनाओं का दोषी रनिंग स्टाफ को ही ठहराया जाता है। लोको पायलटों का कहना है कि स्टेशन यार्ड में उन्हें हैंडब्रेक बांधने के आदेश दिए जा रहे हैं और स्टेशन स्टाफ का कार्य भी उनसे कराए जा रहे हैं, जो उनकी जिम्मेदारी नहीं है।

## स्वास्थ्य अधिकारी ने वासु के परिजन से की मुलाकात


आवारा कुत्तों की धरपकड़ औपचारिकता, झुंड बनाकर बच्चे को नोचा, करनी पड़ी सर्जरी

- डॉग बाइट प्रभावित बालक का उपचार कर रहे चिकित्सक से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डॉग बाइट के सप्ताहभर बाद नगर निगम की नींद टूटी। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने कुत्तों के हमले से घायल वासु कश्यप के परिजनों से मुलाकात की। विगत 13 फरवरी को दलदल सिवनी आर्मी चौक के पास 6 वर्षीय बालक वासु को आधा दर्जन से अधिक आवारा कुत्तों ने बुरी तरह काट खाया। बच्चे के शरीर में दर्जनों गंभीर जख्म हुये और इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी सर्जरी करनी पड़ी।

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी ने वासु का उपचार कर रहे चिकित्सकों से वासु के स्वास्थ्य को लेकर चर्चा कर जानकारी ली। डॉक्टरों ने बताया कि वासु का स्वास्थ्य स्थिर बना हुआ है और स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार आ रहा है। डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बालक के परिजनों को अच्छे उपचार के लिए आश्वस्त कराया। दरअसल, राजधानी में आवारा कुत्तों के खौफ से शहरवासी सुरक्षित नहीं हैं। कुत्तों को पकड़ने के लिए रोजाना औसतन 10 से 15 कॉल डॉग केचर टीम के पास आ रहे हैं। पर कुत्ता पकड़ने उनके पास केवल एक गाड़ी है। एक कुत्ते को पकड़ने, मौके पर जाने, वहां से पकड़कर लाने में घंटे पर लग जाते हैं। यदि शहर में एक से ज्यादा जगहों से कुत्ता पकड़ने के कॉल आये, तो डाग केचर टीम समय पर पहुंच भी नहीं पाती। ऐसे में नगर निगम का कुत्ता पकड़ो अभियान महज खानापूर्ति साबित हो रहा है।

## स्पीड ज्यादा इसलिए सर्वर की समस्या नहीं

# राशन दुकानों में अब अपडेट, नई ई-पॉस मशीन से खाद्यान्न वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उचित मूल्य की दुकानों में अब नई ई-पॉस मशीनों के माध्यम से हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। इसके लिए इन मशीनों का ट्रायल भी लिया जा रहा है। ट्रायल के माध्यम से कुछ राशन दुकानों में नई ई-पॉश मशीनों से हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पुरानी ई-पॉश मशीन की तुलना में नई ई-पॉश मशीन ज्यादा एडवांस है।

हरिभूमि सरोकार

पुरानी पॉश मशीन में बार-बार सर्वर की दिक्कत आ रही थी, जिसके कारण हितग्राहियों को कई बार राशन दुकानों से खाद्यान्न लिए बगैर लौटना पड़ रहा था। सर्वर की समस्या से पॉश मशीन में एंट्री नहीं हो पाती थी। इस कारण हितग्राहियों को खाद्यान्न मिल नहीं पाता था। इस समस्या से दुकानों के संचालकों को भी परेशान होना पड़ता था, लेकिन नई पॉश मशीन का सर्वर फास्ट बताया जा रहा है, जिससे सर्वर डाउन की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी।



*राजधानी में 5 दुकानों में ट्रायल के रूप में इस्तेमाल*

*प्रदेशभर में संचालित 13 हजार से अधिक राशन दुकानों में नई ईपॉश मशीनें लगाई जाएंगी। इन मशीनों को सभी दुकानों में भेजने से पहले इसका ट्रायल लिया जा रहा है। इसके लिए राजधानी रायपुर की पांच दुकानों में इन मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिन दुकानों में ट्रायल के रूप में नई मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है, वहां के कुछ संचालकों ने बताया कि अभी तक मशीन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आई है। पहले से जल्दी एंट्री हो जा रही है। सर्वर भी ठीक है।*

### ट्रायल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा

नई ईपॉश मशीनों को कुछ दुकानों में ट्रायल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। जिन दुकानों में नई मशीने लगी हैं, सभी जगह पर अच्छी तरह से चल रही हैं। मशीन के सर्वर की स्पीड पुरानी मशीन से अधिक है, जिससे बारिश के दिनों में भी सर्वर संबंधी समस्या नहीं आएगी।

- **भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक, खाद्य विभाग रायपुर

### दो साल पहले राशन दुकान संचालकों को दी गई थी ई-पॉस मशीन

उचित मूल्य की दुकानों में राशन वितरण में होने वाली गड़बड़ी रोकने तथा कार्ड धारी या उसके सदस्य ही दुकानों से राशन ले सकें, इसके लिए सभी दुकानों को ऑनलाइन करते हुए हाईटेक किया गया। इसके तहत वर्ष 2021 में सभी राशन दुकानों में इलेक्ट्रानिक ई-पॉश मशीनें दी गई थीं। इस मशीन में प्रत्येक कार्ड को वितरण किए जाने वाले खाद्यान्न की एंट्री ऑनलाइन होती है। इसके साथ ही कार्ड धारक या उसके किसी एक सदस्य को थंब लगाना पड़ता है। इसके बाद ही हितग्राही खाद्यान्न प्राप्त करता है। ई-पॉश मशीन में दुकानों को आबंटित खाद्यान्न के साथ वितरण की एंट्री भी रहती है।

*नई मशीन सुरक्षित, सर्वर की स्पीड भी ज्यादा*

*खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नई मशीन सुरक्षित है तथा इसके सर्वर की स्पीड भी पुरानी मशीन से अधिक है। नई मशीनें लगने से हितग्राहियों के साथ दुकान संचालकों की परेशानी भी खत्म हो जाएगी। सर्वर की समस्या के कारण पूर्व में कई बार देखा गया है कि हितग्राहियों को दुकानों से बिना राशन सामग्री लिए लौटना पड़ता था। इसके कारण दुकन संचालक भी परेशान होते रहे हैं। ये समस्याएं अब खत्म हो जाएंगी।*

## बिजनेस साइट

### हियरिंग केयर सेंटर में निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर



**रायपुर।** चिकित्सा के क्षेत्र में प्रसिद्ध नाम हियरिंग केयर सेंटर, जिसकी हियरजप स्टोर की शाखाएं शंकर नगर, बैरन बाजार, कचहरी चौक रायपुर में स्थित हैं, मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रहा है। सेंटर द्वारा 20 फरवरी से 22 फरवरी तक प्रातः 10.30 बजे से शाम 7 बजे तक रायपुर की सभी शाखाओं में निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में मरीजों को श्रवण यंत्र पर भारी छूट, कोक्लियर इंप्लांट परामर्श और स्पीच थेरेपी की सुविधा प्रदान की जाएगी। हियरिंग केयर सेंटर की शाखाएं देशभर में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड में भी संचालित हैं।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख बीपी दास का रायपुर आगमन



**रायपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (भोपाल अंचल) के महाप्रबंधक एवं मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अंचल प्रमुख बीपी दास का रायपुर आगमन हुआ है। वे कारोबार विस्तार के लिए भनपुरी-उरला में नई शाखा के उद्घाटन के लिए एक दिवसीय दौरे पर थे। इस अवसर पर नई यूनियन एमएसएमई सुपरफास्ट एसटीपी योजना के तहत ग्राहकों को एक करोड़ रुपए की ऋण सुविधाएं स्वीकृत की गईं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के रायपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख अनुज कुमार सिंह ने कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ राज्य के समग्र विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है और अग्रणी बैंकिंग संस्था के रूप में सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।







सबका साथ - सबका विकास
मीनल चौबे
महापौर
माननीय मुख्यमंत्री
श्री विष्णुदेव साय जी
21 फरवरी
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
रोहित साहू
पूर्व पार्षद
श्रीमती पुष्पा रोहित साहू
पार्षद
(नेताजी सुभाष चन्द्र बोस वार्ड क्रमांक- 31 )

## श्रीमद भागवत कथा निकाली कलश यात्रा



**रायपुर।** कैलाशगिरी शिव मंदिर समिति द्वारा सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा पुराण की शुरुआत गुरुवार से की गई है। श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के अवसर पर बसंत विहार कॉलोनी में कलश यात्रा निकाली गई। पूजन के बाद वेद मंत्रों के साथ कलश स्थापित कर श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ की गई। कथावाचन पं. कौशल शर्मा ने किया।

## निधन

### भरत प्रसाद पाण्डेय



**रायपुर।** बिलासपुर के वेयर हाउस रोड निवासी भरत प्रसाद पाण्डेय (अफरीद वाले) का 20 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम अफरीद चाम्पा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे वरिष्ठ पत्रकार हर्ष पाण्डेय, जय हर्ष पाण्डेय एवं नीलम शर्मा के पिता थे।

### हीरा लाल वर्मा



**रायपुर।** लक्ष्मीनगर पचपेड़ीनाका निवासी हीरा लाल वर्मा (84) का 20 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे अनिल व सुनील वर्मा के पिता थे।

### शकुंतला चंद्राकर



**रायपुर।** लभांडी निवासी शकुंतला चंद्राकर (74) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 फरवरी को सुबह 11 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे डॉ. संदीप चंद्राकर की माताजी थीं।

# मुख्यमंत्री निवास घेरने निकली भीम आर्मी को पुलिस ने रोका, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार कलेक्टोरेट, एसपी ऑफिस घेराव करने के साथ तोड़फोड़, आगजनी मामले में गिरफ्तार लोगों की निःशर्त रिहाई की मांग को लेकर भीम आर्मी ने गुरुवार को सीएम हाउस घेराव का ऐलान किया था। सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शन करने पहुंचे प्रदर्शनकारियों को पुलिस तथा जिला प्रशासन टीम ने सीएम हाउस जाने से रोक दिया। इसके कारण भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने बूढ़ा तालाब श्याम टाकीज के पास सभा कर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में भीम आर्मी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद भी शामिल होने वाले थे, लेकिन वे प्रदर्शन में शामिल होने नहीं पहुंच पाए।



बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद हिंसा के आरोपियों से मिलने भीम आर्मी के संस्थापक रायपुर सेंट्रल जेल पहुंचे थे। चंद्रशेखर ने प्रशासन पर निर्दोष लोगों को फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री निवास घेराव करने घोषणा की थी। घोषणा के अनुसार भीम आर्मी के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता बूढ़ा तालाब के पास एकत्र होकर सीएम हाउस घेराव करने पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं की बूढ़ा तालाब के पास उपस्थिति को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने एक दिन पहले से बैरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं को रोकने तैयारी कर ली थी।

### आचार संहिता की वजह से रोकी रैली

*भीम आर्मी के कार्यकर्ता दोपहर साढ़े तीन से चार बजे के बीच मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने रैली की शक्ल में निकले। पुलिस प्रशासन ने कार्यकर्ताओं को चुनाव आचार संहिता का हवाला देते हुए उन्हें श्याम टाकीज के पास आगे जाने से रोक दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने श्याम टाकीज के पास सभा कर ज्ञापन सौंपा। भीम आर्मी के उपध्यक्ष मनोज बंजारे के अनुसार टिकट नहीं मिलने की वजह से चंद्रशेखर प्रदर्शन में शामिल नहीं हो पाए। चंद्रशेखर ने मोबाइल के माध्यम से सभा को संबोधित किया।*


## पेज 13 के शेष

### रफ्तार बनी मौत...

पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। संदीप के परिजनों के नहीं आने के कारण उसका पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक तेज रफ्तार वेरना कार विधानसभा मार्ग की ओर से आ रही थी। कार ओवर स्पीड थी। इस दौरान कार बीच सड़क पर अचानक टर्न हुई और तेज रफ्तार से सड़क किनारे लगे लोहे के बिजली खंभे से टकरा गई। मृतक कार की सामने सीट पर सवार थे। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को 108 की मदद से उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल रवाना किया। रास्ते में एक युवक की मौत हो गई, दूसरे युवक की उपचार के दौरान मौत हुई है। दोनों मृतक अवंति विहार में किराए के मकान में निवासरत थे।

### विधानसभा सत्र में...

था और गुरुवार को कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए लखमा के आवेदन को खारिज कर दिया। कवासी लखमा शराब घोटाला के आरोप में 15 जनवरी से जेल में बंद हैं। 18 फरवरी को हुई सुनवाई में उनकी न्यायिक रिमांड चार मार्च तक के लिए बढ़ा दी गई है।




# देवेंद्र की जमानत को पूर्व सीएम बघेल ने बताया सत्य की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। 17 अगस्त 2024 से रायपुर जेल में बंद देवेंद्र यादव के समर्थकों में इस फैसले के बाद खुशी की लहर है। जमानत के बाद कांग्रेस नेताओं ने इसे न्याय की जीत बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सर्वोच्च न्यायालय ने सरकारी षड्यंत्र में जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव को जमानत दे दी है। यह सत्य की जीत और सरकारी षड्यंत्र की हार है। आने वाले समय में यह साबित हो जाएगा कि सरकार ने उन्हें गलत तरीके से महीनों जेल में रखा। वहीं पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा, यह मामला राजनीति से प्रेरित था।



### श्रीवास्तव की नसीहत भूपेश ज्यादा खुश न हों



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बलौदाबाजार हिंसा के मामले में सात माह से जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव को मिली जमानत पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ज्यादा खुश नहीं होने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा, मामले में बघेल भाजपा के खिलाफ मिथ्या प्रलाप करके अपनी जगहंसाई कराते शोभा नहीं देते। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, न्यायपालिका और जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं, इसलिए महज जमानत मिल जाने पर बघेल इतने उतावलेपन का प्रदर्शन करके हर बार की तरह फिर आरोपियों की वकालत कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने कहा कि जिस कांग्रेस के आला नेताओं से लेकर खुद बघेल तक जमानत पर घूम रहे हैं।

# जरवाय में 5 एकड़ सरकारी जमीन पर बनेगा ई बस के लिए नया बस डिपो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर को केन्द्र सरकार से मिलने वाली 100 ई बसों के लिए जरवाय में स्थित 5 एकड़ सरकारी जमीन पर नया बस डिपो बनाया जायेगा। इसके लिए टेंडर किया गया है। सिविल वर्क के लिए 14 करोड़ 33 लाख और विद्युत मेंटनेंस संबंधी कार्य के लिए 12 करोड़ 30 लाख की निविदा निकाली गई है। वहीं केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को मिलने वाली ई बस के लिए वेंडर भी फाइनल कर दिया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक अहमदाबाद की कंपनी चार्टर्ड स्पीड लिमिटेड को ई बस सप्लाई का ठेका दिया गया है। बसें पूरी तरह ईको फेंडली होंगी।



दरअसल, रायपुर नगर निगम द्वारा शहर को मिलने वाली 100 ई बसों के लिए पंडरी और आमानाका में नया बस डिपो बनाया जाना प्रस्तावित था। इसमें आमानाका में 60 और पंडरी में 40 बस को रखने की व्यवस्था बननी थी।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा नया बस डिपो

निगम के अधिकारियों का कहना है कि नए बस डिपो को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जायेगा। इसमें बसों के चार्जिंग स्टेशन के साथ ही यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये प्रतीक्षालय सहित अन्य तरह की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। केन्द्र से 100 ई बस मिलने से पहले नगर निगम चयनित एजेंसी से नए रूट का सर्वे करायेगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को इस कार्य की मानिटरिंग के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है।

